मंगलवार
15 अगस्त 2023



पृष्ठ 6

**मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से मिल सकते हैं अनेक फायदे**



पृष्ठ 8

**देहरादून से उत्तरकाशी जा रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, यात्री बाल-बाल बचे**



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 188
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जीवन में कोई चीज इतनी हानिकारक और खतरनाक नहीं जितना डाँवाँडोल स्थिति में रहना।

– सुभाष चंद्र बोस

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
साांध्य दैनिक
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# श्रेष्ठ भारत के संकल्प के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## ❑सीएम धामी ने की कई नई योजनायें शुरू करने की घोषणा

विशेष संवाददाता

देहरादून। देशवासियों ने आज आजादी की 77वीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। देश की राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से ध्वजारोहण कर एक सशक्त भारत, समर्थ भारत और समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ काम करने और आगे बढ़ने की बात कही। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में कहा कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में श्रेष्ठ भारत बनने की ओर अग्रसर है वही प्रधानमंत्री के दिशा निर्देशन में हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के प्रयास कर रहे हैं।

सीएम धामी ने इससे पूर्व देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा देश व राज्य की सेवा में प्राण निछावर करने वालों को नमन किया। उन्होंने इस अवसर पर उन्होने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मानित भी किया। परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में ध्वजारोहण के बाद उन्होंने कहा कि 23 साल में उत्तराखंड ने अभूतपूर्व विकास किया है। इससे पहले हमने उत्तराखंड को वैसा कभी नहीं देखा है जैसा आज देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने एक भारत श्रेष्ठ, भारत के लिए काम करने का संकल्प और शपथ दिलाते हुए कहा कि हम उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रयास कर रहे हैं।




उन्होंने कहा कि राज्य की चार धाम यात्रा ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं। अभी राज्य में अतिवृष्टि से भारी नुकसान हुआ है लेकिन इन आपदाओं व मुश्किलों के बीच भी हमें अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि राज्य में शीघ्र ही एक सशक्त यूसीसी कानून लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले एक साल में कई बड़ी योजनाएं लाई जाएंगी। जिसमें मुख्यमंत्री जननी सुरक्षा योजना को शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाने के लिए एअरलिफ्ट करने की सेवा शुरू की जाएगी तथा इसे 108 सेवा से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने भवन निर्माण सामग्री की कालाबाजारी रोकने के लिए एप शुरू करने तथा भवन निर्माण सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। सीएम धामी ने अग्निपथ योजना का विरोध करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे मुकदमों को वापस लेने की घोषणा भी सार्वजनिक रूप से की। मुख्यमंत्री ने आज अपने आवास तथा बीजेपी मुख्यालय में भी ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित लोगों को भारत और प्रदेश के विकास में सहभागी बनने की शपथ दिलाई।

परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एंव सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद माला राजलक्ष्मी शाह, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजानदास, मुख्य सचिव डा. एस.एस. संधु, डीजीपी अशोक कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे सीएम धामी ने इस अवसर पर सराहनीय सेवाओं के लिए पांच पुलिस अधिकारियों को एंव पुलिसकर्मियों को विशिष्ट कार्यो के लिए मुख्यमंत्री सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया। जिनमें हेड कांस्टेबल चमन कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, अपर पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल व आरक्षी धीरेन्द्र सिंह चौहान शामिल रहे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी जिला मुख्यालय, स्कूल व कॉलेज में धूमधाम से तिरंगा फहराया गया। राज्यपाल ने राजभवन तो विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी ने सचिवालय में ध्वजारोहण कर देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

## अक्षय कुमार को मिली भारत की नागरिकता

नई दिल्ली। 77वां स्वतंत्रता दिवस तमाम देशवासियों के साथ-साथ फिल्म अभिनेता अक्षय कुमार के लिए भी बड़ी खुशी लेकर आया है। इस खास दिन पर अक्षय कुमार ने बताया है कि उन्हें भारत की नागरिकता मिल गई है। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर गृह मंत्रालय की एक फाइल की तस्वीर शेयर की है, जिसमें उन्हें नागरिकता देने से जुड़े कागजात दिखाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि अक्षय कुमार ने करीब 33 साल पहले साल 1990 में भारतीय नागरिकता छोड़ दी थी और कनाडा के नागरिक बन गए थे। उस वक्त उनकी फिल्में यहां नहीं चल रही थी और काम की वजह से वो कनाडा में बसना चाहते थे। हालांकि बाद में उनका करियर चल निकला और फिर उन्होंने कनाडा जाने का फैसला टाल दिया। अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर लिखा, दिल और सिटिजनशिप, दोनों हिंदुस्तानी। हैप्पी इंडिपेंडेंस डे जय हिंद। इंडिया। अक्षय कुमार को लंबे समय से नागरिकता को लेकर निशाना बनाया जाता रहा है। कई बार सोशल मीडिया पर भी उन्हें कनाडा कुमार कहकर ट्रोल किया जाता है। अक्षय ने कुछ वक्त पहले एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्होंने 2019 में ही भारतीय नागरिकता के लिए अप्लाई कर दिया है और जल्द उन्हें नागरिकता मिल जाएगी।



## पीएम मोदी ने लगातार 10वीं बार फहराया लाल किले से तिरंगा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार 10वीं बार लाल किले से झंडा फहराया। पीएम मोदी ने करीब डेढ़ घंटे का भाषण दिया। इस बार पीएम के संबोधन का अंदाज नया था। उन्होंने अबकी बार देशवासियों नहीं बल्कि परिवारजनों का प्रयोग किया और लोगों के साथ सीधा संबंध बनाने की कोशिश की। पीएम मोदी ने कहा कि इस समय हम जो फैसला लेंगे, वे 1 हजार साल तक भारत की दिशा और भाग्य को लिखने वाले होंगे। पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचीर से 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और परिवारवाद को विकास का दुश्मन बताते हुए खत्म करने की अपील की।



पीएम मोदी ने कहा कि मणिपुर में हिंसा का दौर चला। वहां बेटियों और महिलाओं के सम्मान के साथ खिलवाड़ हुआ। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों से मणिपुर में शांति की खबरें आ रही हैं। देश मणिपुर के साथ है। पीएम मोदी ने कहा कि शांति से ही समाधान का रास्ता निकलेगा। केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर समाधान के लिए भरपूर प्रयास कर रही है। पीएम मोदी ने कहा, इस बार प्राकृतिक आपदा ने देश के अनेक हिस्सों में अकल्पनीय संकट पैदा किए। जिन परिवारों ने इस संकट को सहन किया है मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करता हूं। राज्य-केंद्र सरकार मिलकर उन सभी संकटों से मुक्त होकर तेजी से विकास की ओर आगे बढ़ेंगी, ये विश्वास दिलाता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, श्जिन योजनाओं का शिलान्यास हम कर रहे हैं, उनका उद्घाटन भी हम ही करेंगे। आपने हमें ऐसी शक्ति दी है, जिसे हम निभा रहे हैं और आगे भी निभाते रहेंगे।श पीएम मोदी ने आगे कहा,श2014 में आपने मजबूत सरकार बनाई। 2019 में आपने सरकार फॉर्म की। तो मोदी में रिफॉर्म की हिम्मत आई। जब मोदी ने रिफॉर्म किए, तो ब्यूरोक्रेसी ने ट्रांसफॉर्म करने के लिए परफॉर्म करने की जिम्मेदारी बखूबी निभाई। इससे जनता जनार्दन जुड़ गई। ट्रांसफॉर्म भी नजर आ रहा है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# झंडा ऊंचा रहे हमारा

देशवासी आज आजादी की 77वी वर्षगांठ मना रहे हैं। अंग्रेजी हुकूमत से निजात पाने के बाद हिंदुस्तान ने आजाद अस्तित्व का जो सफर शुरू किया था अब उसके 76 साल पूरे हो चुके हैं। आजादी पूर्व का इतिहास भले ही कितना भी दुखद और आक्रांताओं के अत्याचार से भरा रहा हो लेकिन आजादी के बाद तमाम उतार-चढ़ाव के बीच भारत निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहा है। भले ही देश को इस मुकाम तक पहुंचने में लंबा समय लगा हो लेकिन भारत मजबूती के साथ आगे बढ़ता रहा है और अब तक एक ऐसी महाशक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है कि अब उसे कोई न डरा सकता है और न आगे बढ़ने से रोक सकता है। विश्व के वह राष्ट्र जो स्वयं को विश्व की महाशक्तियों में शुमार करते थे अब वह भी भारत के अंदर निहित विकास की अपार संभावनाओं के मद्देनजर भारत को विश्व की एक उभरती हुई महाशक्ति के रूप में देख रहे हैं। भारत आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ा अर्थव्यवस्था वाला देश बन चुका है और आने वाले एक दशक में वह है तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा इसमें किसी को भी कोई संदेह नहीं है। विकास की दौड़ में भारत उस ब्रिटेन को भी पीछे छोड़ चुका है जिसने देश पर इतने लंबे समय तक शासन किया। यह चमत्कार किसी सरकार ने नहीं किया है बल्कि इस देश की उस मेहनत का जनता ने किया है जो पिछले 76 सालों से खून पसीना बहा रही है देश कि उसे आबादी ने किया है जिसे अभिशाप माना जाता रहा है। कुटीर और लघु उद्योग धंधों तथा प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर देश के उन किसानों और मजदूरों ने किया है जो दिन-रात मेहनत करते रहे हैं। लेकिन 76 सालों की इस विकास यात्रा का सबसे दुखद और पीड़ा दायक पहलू यही है कि इन देश के गरीब किसानों और मजदूरों की स्थिति और परिस्थितियों में अभी भी वह अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है जो होना चाहिए था। इनका हक हमेशा या देश के चंद पूंजी पतियों द्वारा हड़पा जाता रहा है या फिर शासन प्रशासन में बैठे भ्रष्टाचारियों द्वारा जो आज देश की संपदा के 70 फीसदी हिस्से पर कब्जा किए बैठे हैं। सही मायने में इस देश को आजादी तब तक नहीं मिल सकती है जब तक देश को भ्रष्टाचारियों से मुक्त नहीं कराया जाएगा। लेकिन इस काम को भी इस देश के नेता और नौकरशाह करने वाले नहीं हैं अगर उन्होंने कुछ करना होता तो अब तक वह बहुत कुछ कर चुके होते। इस काम को भी एक दिन इस देश की जनता ही करेगी जिसने देश को अन्य तमाम क्षेत्रों में आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है। इसकी शुरुआत देश में हो चुकी है देखना है कि शासन प्रशासन में बैठे सशक्त लोग कब तक उन्हें रोकने में कामयाब हो पाते हैं हर बार लाल किले के प्राचीर से झंडा फहराने वाले देश के प्रधानमंत्री द्वारा भ्रष्टाचार शब्द का प्रयोग अपने भाषणों में तो किया जाता है लेकिन भ्रष्टाचार रोकने वाली कोई सशक्त सत्ता आज तक स्थापित नहीं की जा सकी है। हमने अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश के साथ यह भी देखा था कि नेताओं और सरकारी तंत्र ने इस आंदोलन को दबाने व खत्म करने के लिए क्या कुछ किया था? झंडा ऊंचा रहे हमारा का गीत तो हम 76 सालों से गाते आ रहे हैं लेकिन यह हमारा झंडा सही मायने में उसे दिन ही ऊंचा होगा जब देश से इस भ्रष्टाचार को मिटाया जा सकेगा?

# मुख्य सचिव ने सचिवालय में किया ध्वजारोहण

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने कहा कि जब भी कोई फाईल या प्रकरण ऐसा आता है जिसके कारण प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में कार्य में रूकावट आ रही है, ऐसे में हमें सॉल्यूशन फाइंडर की भूमिका निभानी है।

आज यहां मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण करते हुए सभी को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्य सचिव ने कहा कि भारत की आजादी को 100 वर्ष पूर्ण होने तक अर्थात वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि सचिवालय प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसके लिए हम सभी को एक सॉल्यूशन फाइंडर की भूमिका निभानी होगी। जब भी कोई फाईल या प्रकरण ऐसा आता है जिसके कारण प्रदेश और प्रदेशवासियों के हित में कार्य में रूकावट आ रही है, ऐसे में हमें सॉल्यूशन फाइंडर की भूमिका



### ❑हमें सॉल्यूशन फाइंडर की भूमिका निभानी है:संधु

निभानी है। उन्होंने कहा कि सॉल्यूशन फाइंडर के साथ ही नवाचार को अपनाकर प्रदेश के विकास में अपना योगदान देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश और प्रदेश के नागरिकों से जुड़ी समस्याओं के निराकरण के लिए हमें हर सम्भव प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रदेश हिमालयी क्षेत्र के सबसे अधिक आपदा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थित है। प्रदेशवासी प्राकृतिक आपदाओं से जूझते रहते हैं। इस दिशा में सबसे अधिक प्रयोग करने हेतु हिमालय हमारे पास है।

मुख्य सचिव ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भारत के सभी प्रदेशों को विकसित होना होगा। इसके लिए हमें अपनी ताकत अपनी खूबियों को पहचानना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को प्रकृति ने बहुत से प्राकृतिक संसाधन उपहार स्वरूप दिए हैं। इसके कारण हमारा पर्यटन क्षेत्र तेजी से विकास कर रहा है। कुछ पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की संख्या इतनी अधिक होती जा रही है कि हमें पर्यटकों की संख्या सीमित करने पर भी विचार करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में दिल्ली देहरादून हाईवे और अन्य महत्वपूर्ण सड़कों के बन जाने से प्रदेश में पर्यटकों की आवाजाही बढ़ जाएगी। यह प्रदेश के लिए एक और मौका होगा जब हम प्रदेश के अन्य खूबसूरत स्थलों को पहचान कर पर्यटन मानचित्र पर लाकर प्रदेश को विकसित करने में अपना योगदान दें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, एल. फैनई एवं सभी सचिव, अपर सचिव अन्य वरिष्ठ अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## सूचना निदेशालय में महानिदेशक ने किया ध्वजारोहण



संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने ध्वजारोहण कर सभी को शुभकामनाएं दी।

आज यहां 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सूचना एवं लोक सम्पर्क निदेशालय में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपर निदेशक आशिष त्रिपाठी, उप निदेशक मनोज कुमार श्रीवास्तव, रवि विजारनियां सहित सभी अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित थे। महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

## सीएम धामी ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर मुख्यमंत्री आवास में ध्वजारोहण किया

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी। मुख्यमंत्री ने देश की आजादी एवं मां भारती की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले महानायकों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि अमर बलिदानियों के सपनों के अनुरूप देश को आगे बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सराहनीय कार्य हो रहे हैं। आज भारत समर्थ, समरस एवं शक्तिशाली भारत के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी मानसून सक्रिय है, प्रदेश में अतिवृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। अतिवृष्टि से प्रदेश में हुए नुकसान का आकलन कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अतिवृष्टि से हताहत हुए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की है एवं उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

# भू-स्खलन के कारण लापता लोगों का आज 12वें दिन भी सर्च व खोजबीन अभियान जारी

कार्यालय संवाददाता



रुद्रप्रयाग। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने अवगत कराया कि विगत दिनों गौरीकुंड डाटपुलिया के समीप भारी भू-स्खलन के कारण लापता चल रहे 16 लोगों का आज 12वें दिन भी लगातार घटना स्थल व अन्य स्थानों पर जिलाधिकारी के निर्देशन मे सर्च रेस्क्यू एवं खोजबीन का अभियान जारी है। सर्च रेस्क्यू एवं खोजबीन अभियान के दौरान आज 16 लोगों में से लापता चल रहे लोगों में से एक लड़की का शव मुनकटिया के पास नदी के किनारे बरामद किया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया है कि उक्त घटना में लापता हुए 23 व्यक्तियों में से अब तक 08 व्यक्तियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। शेष 15 लापता व्यक्तियों का रेस्क्यू एवं खोजबीन कार्य जारी है। आज रेस्क्यू एवं खोजबीन अभियान में डीडीआरएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीमें शामिल रही।

नह्यन्यं बळाकरं मर्डितारं शतक्रतो।
त्वं न इन्द्र मृळय॥
(ऋग्वेद ८-८०-१)

हे परमेश्वर ! आपके अतिरिक्त कोई अन्य मेरा सुखदाता नहीं है, यह सत्य है, इसमें मुझे कोई संदेह नहीं है, इसे ही मैं मानता हूं। आप ही मेरे जीवन को सुख और शांति प्रदान करने वाले हैं।

# स्वतंत्रता दिवस पर हर घाट तिरंगा रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता

उत्तरकाशी। हर घर तिरंगा, हर घाट तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मां गंगा के उदगम उत्तरकाशी जिला मुख्यालय में नमामि गंगे योजना के तहत बने केदारघाट में गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड उत्तरकाशी, जिला गंगा समिति, नगरपालिका परिषद उत्तरकाशी, स्वजल विभाग, गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज उत्तरकाशी के एन सी सी/एन एस एस के छात्रों संग वृहद गंगा स्वच्छता के साथ हर घाट तिरंगा रैली निकाली गई व गंगा स्वच्छता की शपथ ली गई।

आज के हर घाट तिरंगा कार्यक्रम में गंगा विचार मंच उत्तराखण्ड के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने सभी



उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, छात्रों, शिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स वा एनएसएस के छात्रों को मां गंगा की स्वच्छता की शपथ दिलवाई।

आज के कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, गंगा विचार मंच के प्रांत संयोजक लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला संयोजक जयप्रकाश भट्ट, स्वजल के प्रताप मटूडा, जिला गंगा समिति के उत्तम पंवार, डिग्री कॉलेज के प्रो महेंद्र पाल परमार, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी, गंगा विचार मंच के गजेंद्र सिंह बिष्ट, सहित सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया।

# नदी में फंसे जेसीबी चालकों को सुरक्षित निकाला

कार्यालय संवाददाता

रुद्रप्रयाग। जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने अवगत कराया कि रात्रि 2:50 बजे सूचना मिली कि भारत कंस्ट्रक्शन कंपनी के दो जेसीबी ऑपरेटर अलकनंदा नदी के किनारे कार्य कर रहे जेसीबी ऑपरेटर नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी में फंस गए उन्होने अवगत कराया कि सुबह 5:00 बजे रेस्क्यू टीम द्वारा जिसमें एसडीआरएफ, फायर सर्विस, पुलिस, डीडीआरएफ के द्वारा उक्त जेसीबी चालकों को सुरक्षित निकाल दिया गया। केदारनाथ यात्रा पैदल मार्ग लिनचोली छानी कैंप में अधिक वर्षा के कारण चार दुकानें क्षतिग्रस्त हो गयी है व एक दुकानदार लापता है उक्त घटना में एक नेपाली का सब बरामद कर लिया गया है। सर्च खोजबीन व रेस्क्यू अभियान जारी है। तथा स्थान छोटी लिनचोली में भूस्खलन के कारण पैदल मार्ग अवरुद्ध हो गया है। उक्त भूस्खलन स्तर पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए डीडीआरएफ, पुलिस, आईएमएफ के जवान तैनात है उन्होने यह भी अवगत कराया कि मद्महेश्वर घाटी के गोंडार में बनतोली पुल टूट गया है जिस कारण मध्यमेश्वर धाम में 100 से अधिक यात्री फंसे हैं एसडीआरएफ, डीडीआरएफ व तहसील प्रशासन की टीम मौके लिए रवाना हो गए है। बांसवाड़ा में बसुकेदार को जोड़ने वाला मार्ग धसने के कारण मार्ग यातायात के लिए बंद है। एनएच 107- 3 तीन स्थानों पर मार्ग अवरुद्ध चल रहा है, तथा राज्य मार्ग-4 व 24 ग्रामीण मार्ग अवरुद्ध है। उन्होने अवगत कराया कि अलकनंदा का जलस्तर 628.80 मी. मंदाकिनी का जलस्तर 627.80 दोनों खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। खतरे की जद में आ रहे परिवारों को सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया है।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते छात्रों को हो रही परेशानी हैः बिष्ट

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की लापरवाही के चलते छात्र छात्राओं को प्रवेश हेतु परेशानी का सामना करना पड रहा है।

आज यहां कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने केन्द्रीय हेमवन्ती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे सम्बद्ध विद्यालयों और प्रदेश के अन्य विद्यालयों मे प्रवेश हेतु छात्र छात्राओं को हो रही परेशानी पर बोलते हुए कहा कि यह केन्द्र सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही है। केन्द्र सरकार के मनमाने फैसले से छात्र-छात्राओं विद्यालयों में प्रवेश के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है क्योंकि इस बार विद्यालयों में प्रवेश के लिए सीईयूटी की परीक्षा की प्रात्रता अनिवार्य कर दी गयी है, छात्र छात्राओं को फैसले की पूरी तरह जानकारी नही हो पायी और अधिकांश छात्र-छात्राएं सीईयूटी की परीक्षा में बैठने से वंचित रह गये, क्योंकि उत्तराखण्ड विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाला राज्य है, जिस कारण जिन छात्र छात्राओं को जानकारी भी हुयी और उन्होनें सीईयूटी की परीक्षा में आवेदन तो किया मगर ज्यादातर परीक्षा केन्द्र बहुत दूर अथवा राज्य से बाहर दूर दूर रखे गये, जिसमें सम्मलित होने के लिए छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बडी परेशानी का सामना करना पडा और ज्यादातर बच्चे समय से परीक्षा में नही बैठ पाये। शीशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने भी केन्द्र को राज्य की परिस्थितियों से अवगत नही कराया, जिस कारण यह सारी परिस्थितियां बनी हैं अब प्रदेश के विद्यालयों में 80 प्रतिशत से 60 प्रतिशत सीटे तो खाली है।

# देसी अंदाज में माहिरा शर्मा ने कमर में साड़ी का पल्लू अटकाकर दिखाई अदाएं

टीवी इंडस्ट्री में अपनी एक्टिंग का लोहा मनाने वाली माहिरा शर्मा, पंजाबी इंडस्ट्री की फेमस एक्ट्रेसेस में से एक हैं। माहिरा ने बिग बॉस के घर में खूब सुर्खियां बटोरी थीं। शो में एक्ट्रेस का नाम पारस छाबड़ा संग भी जुड़ा था। पारस छाबड़ा से ब्रेकअप के बाद से ही माहिरा अपने कातिलाना अंदाज और अपने बोल्ड लुक्स से फैंस को दीवाना बनाए हुए हैं। माहिरा ने हाल में अपनी कुछ लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की है, जिनमें उनका देसी लुक देखने के बाद फैंस अपना होश खो बैठे हैं। माहिरा शर्मा ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिनमें वो काफी खूबसूरत और ग्लैमरस लग रही हैं। माहिरा शर्मा के देसी लुक और किलर अदाओं को देखन के बाद उनके फैंस के होश तक उड़ गए और उनकी इन तस्वीरों ने इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। अपनी इन लेटेस्ट फोटोशूट में माहिरा शर्मा सिंपल ब्लैक साड़ी में कहर ढाने के साथ-साथ बेहद हसीन लग रही हैं। माहिरा सिंपल ब्लैक साड़ी, पर्पल ब्लाउज के साथ माथे पर काली बिंदी और हाथों में चूड़ियां पहने हुए है और उनकी ये तस्वीरें कहर बरपा रही हैं। ग्लॉसी मेकअप के साथ कमर में साड़ी का पल्लू अटकाकर माहिरा शर्मा अंगड़ाई लेते हुए हॉटनेस का तड़का लगाया। सिंपल चोटी...ब्लैक कलर की साड़ी और पर्पल ब्लाउज में माहिरा शर्मा बला की खूबसूरत लग रही हैं। माहिरा शर्मा की कातिलाना अदाएं फैंस को मदहोश कर रही हैं और उनका देसी लुक में यह अंदाज देखने लायक हैं। इंस्टाग्राम पर माहिरा शर्मा की ये तस्वीरें आते ही छा गई, जिन पर उनके फैंस जमकर अपना प्यार लुटा रहे हैं।

# जानलेवा हमला करने पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। सामान वापस मांगने पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंहनीवाला शिमला बाईपास निवासी अफसर अली ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका भाई इनाम सैटरिंग लगाने का कार्य करता है। उसके भाई ने एक साल पहले अपना सैटरिंग का सामान जिसमें नौ प्लाई, तीस बल्ली, दस साईड ताजीम को दी थी जिसमें उसका भाई एक साल से ताजीम पुत्र इकबाल हाल निवासी रामपुर, सेलाकुई, जिला देहरादून से अपना सैटरिंग का सामान वापस मांग रहा था और ताजीम उसके भाई का सैटरिंग का सामान वापस नही कर रहा था। एक दिन इनाम अपना सामान वापस लेने ताजीम की साईड पर गया तो ताजीम मौके पर नहीं मिला तो इनाम ताजीम के ठेकेदार के सामने अपना पूरा सामान तो नही लेकर आया जिसमें केवल छः प्लाई वापस ताजीम के ठेकेदार के समाने लेकर आया, तो उस समय ताजीम ने फोन पर इनाम को जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ गली गलौच की और 11 अगस्त 2023 को ताजीम छः अन्य लोगों के साथ इनाम की साईड बैंकी इंण्डिया जमनपुर, सेलाकुई देहरादून आया और एकराय होकर इनाम को जान से मारने की नियत से उसके सर पर लोहे की रड से वार किया तो इनाम ने अपने सर को बचाने के लिए दोनों हाथ उपर किये तो इनाम के दोनो हाथ टूट गये, और दाये हाथ की अनामिका व कनिष्ठका अंगुली भी टूट गयी, इन लोगो ने उसके भाई के पैरो पर भी लोहे की राड से वार किये जिसे इनाम के एक पैर में 15 टांके आये तथा दूसरा पैर दो जगह से फैक्चर हो गया। इनाम की जेब में एक लाख सत्तर हजार रूपय नगद थे वह भी उक्त मारपीट के दौरान कही गुम हो गये हैं, जिनकी भरपायी करने की जिम्मेदारी ताजीम व उसके साथ आये लोगों की स्वयं की होगी। उक्त रूपये इनाम के छोटे भाई कादिर ने उसको बैंक में जमा करने के लिए दिये थे जो कि इनाम ने अपनी जेब में रखे हुए थे। इनाम की लेबर ने जब इनाम को घायल व खून से लहुलुहान देखा तो उसने तुरन्त 100 नम्बर पर फोन किया तो मौके पर पुलिस पहुँची और पुलिस द्वारा ऐम्बुलेंस बुलाकर उसके भाई को दून अस्पताल में भर्ती करवाया जहां पर उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## पति से सुरक्षा की महिला ने एसएसपी कार्यालय पर लगायी गुहार

देहरादून (सं)। पति के द्वारा मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने पर महिला ने एसएसपी कार्यालय पर सुरक्षा की गुहार लगायी। एसएसपी कार्यालय ने प्रार्थना पत्र सम्बन्धित थाने भेज दिया। आज यहां लक्खीबाग निवासी रानी अफशीन ने एसएसपी शिकायत प्रकोष्ठ में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कोर्ट मैरिज 5 अगस्त 2016 को शादाब अंसारी निवासी माजरा मदनी कालोनी के साथ हुआ था। विवाह के कुछ दिनों तक सही चलता रहा लेकिन बाद में उसका पति उसको दहेज के लिए प्रताडित करने लगा और आये दिन उसके साथ मारपीट करने लगा। उसका पति उसके साथ आये दिन मारपीट करते हुए उसको छोडने की धमकी देता है तथा कहता है कि उसको जान से मार देगा उसका कुछ नहीं बिगडने वाला उसके रिश्तेदार ऊंची पहुंच वाले हैं। महिला ने गुहार लगायी कि उसका पति उसको जान से भी मार सकता है।

# पर्यावरण संरक्षण के नाम पर हो रहा है भ्रष्टाचारःमाहरा

देहरादून (सं)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि वृक्षारोपण का कार्यक्रम केवल फोटो खिंचवाने तक ही सीमित हो गया है बाद में रोपित वृक्षों की कोई सुध नही लेता है, पर्यावरण संरक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। आज यहां उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बयान जारी करते हुए कहा कि एक और जहाँ प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये वृक्षारोपण के नाम पर बहा रही है वही दूसरी और प्रदेश के चकराता वन प्रभाग के कनासर रेंज व पुरोला के टॉस वन भाग में भी संरक्षित प्रजाति के देवदार व कैल के वृक्षों का अन्धाधुंध अवैध कटान प्रकाश में आया है, जो बहुत ही चिंता का विषय है। आखिर वन विभाग और स्थानीय प्रशासन कहा सोया हुआ था। संरक्षित प्रजाति के वृक्ष काटे जाते रहें और वन विभाग कुंभकरण की नींद क्यों सोता रहा? यह जांच का विषय है, स्थानीय जनता का मानना है कि वन विभाग व प्रशासन कि मिलीभगत से ही घटना को अंजाम दिया गया। माहरा ने कहा कि एक और सरकार पर्यावरण का पाठ पढा रही है और वृक्षारोपण के नाम पर हर साल करोड़ों रूपये खर्च कर रही है, मगर वृक्षारोपण का कार्यक्रम केवल फोटो खिंचवाने तक ही सीमित हो गया है बाद में रोपित वृक्षों की कोई सुध नही लेता है, पर्यावरण संरक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है, वहीं दूसरी और चकराता और पुरोला जैसे अवैध कटान भ्रष्टाचार का जीता जागता सबूत है, केवल अधिकारियों का स्थानान्तरण कर सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है यह बहुत ही गंभीर मामला है, इस मामले में वहां के डीएफओ व रेंजर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए, क्योंकि इनकी शह के बिना इतना बडा अवैध कटान सम्भव नही है।

# वीडियो वायरल करने के नाम पर ठगे साढे सात लाख रूपये

संवाददाता

देहरादून। यूट्यूब में अश्लील वीडियों वायरल करने की धमकी देकर साढे सात लाख रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौधरी कालोनी निवासी व्यक्ति ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 26 जुलाई 23 को एक अज्ञात महिला की विडियो कॉल आई उसने कॉल उठाई और कोई बात नही की तो उसने कपडे उतारने शुरु किये और अश्लील हरकते करने लगी और उसको भी अपना प्राईवेट पार्ट दिखाने को कहने लगी उसने फोन काट दिया। उसके बाद 7-8 मिनट बाद उसका दुबारा फोन आया और कहने लगी उसने उसकी विडियो बनायी है उसे वायरल कर देगी। उसने उससे कोई बात नही की और उसका फोन नम्बर ब्लॉक कर दिया जिसके कारण भेजी गई विडियो और नम्बर डिलीट हो गई। उसके बाद 27 जुलाई 23 को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया और अपने आपको क्राईम ब्रॉच का बता रहा था और कहने लगा कि उसकी एक विडियो यू-ट्यूब पर वायरल होने को आई है यदि वायरल हो गई तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी करनी पडेगी। बदनामी के डर के कारण उसने उससे पुछा कि वीडियो डिलीट कैसे होगी उन्होने यू-ट्यूब वाले का नाम विजय कुमार बताया उसका फोन नम्बर सम्पर्क करने हेतु दिया। उसने इस नम्बर पर सम्पर्क कर वीडियो डिलीट करने को कहा कि डिलीट करने के लिए वह एकाऊन्ट नम्बर भेज रहा है उसमे पैसे डालों जिसके बाद उसने उक्त खाते में विभिन्न तिथियों में साढे सात लाख रूपये डाले हैं। जिसके बाद उसको पता चला कि उसके साथ धोखाधडी हुई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## जलस्तर बढने से सोडा सरोली पुल से हैवी वाहनों आवाजाही बंद

संवाददाता

देहरादून। तेज बारिश से सॉग नदी का जलस्तर बढने से सोडा सरोली पुल से हैवी वाहनों की आवाजाही बंद कर रूट डायवर्ट किया गया।

आज यहां तेज बारिश के चलते रायपुर क्षेत्र अंतर्गत सोडा सरोली पुल में सॉन्ग नदी का अत्यधिक बहाव आने के कारण पुल की एप्रोच रोड पर मरम्मत का कार्य किया जा रहा है सुरक्षित दृष्टि से सोडा सरोली पुल की तरफ महाराणा प्रताप चौक की तरफ से जाने वाला हैवी वाहन व थानों स्थल की तरफ से आने वाला हैवी वाहन को डायवर्ट किया जा रहा है। बाकी वाहन की आवा जाही सुचारू रूप से चल रही है। पुलिस बल मौके पर मौजूद है। सतर्क दृष्टि रखी जा रही है


उत्तराखण्ड शासन
75 आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 2023 INDIA
15 अगस्त
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
हर देश की विकास यात्रा में एक समय ऐसा आता है जब देश खुद को नए सिरे से परिभाषित करता है। अगले 25 वर्षों की यात्रा भारत के इस सृजन का अमृत काल है। इस अमृत काल में हमारे संकल्पों की सिद्धि, हमें गौरवपूर्ण रूप से आज़ादी के 100 वर्ष तक ले जाएगी।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा



मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज देश हर्षोल्लास के साथ 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' मना रहा है। नये भारत के निर्माण में नये उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइये, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर आज़ादी के अमृत महोत्सव की बेला पर हर घर तिरंगा लगाकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।

जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड




# नये भारत का नया उत्तराखण्ड

- केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
- गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
- मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
- 4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
- 16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
- AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
- 2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलेपमेंट।
- एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
- चारधाम ऑल वेदर रोड।
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे।
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन।
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना।
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड।
- भारतमाला परियोजना।
- एक जिला-दो उत्पाद योजना।
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति।
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा।
- अन्त्योदय निःशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत वर्ष में 3 गैस सिलैण्डर रिफिल मुफ्त।
- मुख्यमंत्री मेधावी छात्र प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना।
- राज्य में सोलर पॉवर उत्पादन को प्रोत्साहित करने हेतु नई सौर ऊर्जा नीति लागू।
- मिशन एप्पल के तहत राज्य में सेब के 500 बगीचों की स्थापना का लक्ष्य है। मिशन एप्पल का बजट दुगुना।
- राज्य के किसानों के लिए 304 करोड़ रुपये की पॉलीहाउस योजना के तहत प्रदेशभर में लगभग 18000 पॉलीहाउस बनाने का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को पॉलीहाउस बनाने के लिए सरकार द्वारा 70 प्रतिशत सब्सिडी।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# देश के निर्माण में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले महापुरुषों के प्रति हम कृतज्ञ हैं?



शशांक शर्मा

भारत को स्वतंत्रता आसानी से नहीं मिली है, अंग्रेजों की गुलामी के दो सौ वर्षों में अनगिनत लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी है। जब 15 अगस्त या 26 जनवरी के दिन जगह जगह देशभक्ति के गीत बजते हैं तो उन गीतों में जगदम्बा प्रसाद मिश्र की यह पंक्ति सुनने को मिलती है, *शहीदों की चिताओं पर लगेगें हर बरस मेले, वतन पर मरने वालों का यही बाक़ी निशाँ होगा* लेकिन क्या वाकई देश को स्वतंत्र कराने वाले और इसके निर्माण में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर देने वाले महापुरुषों के प्रति हम कृतज्ञ हैं? ऐसा लगता तो नहीं है, 1857 के क्रांतिकारियों से लेकर कांग्रेस पार्टी के बड़े नेताओं, क्रांतिकारी आंदोलन खड़ा करने वाले विनायक दामोदर सावरकर, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरु और अन्य सभी महापुरुषों के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणियां की जाती है। क्या वर्तमान पीढ़ी वाकई इन नेताओं से नाराज है इसलिए वे इनका सम्मान नहीं करते या कोई सोची समझी रणनीति के तहत देश के महापुरूषों और सेना के वीरों की शहादत का अपमान किया जा रहा है?

वर्तमान पीढ़ी की बात से अगर शुरू करें तो देश की शिक्षा व्यवस्था को इस तरह बना दिया गया है कि देश के महापुरूषों की पर्याप्त जानकारी स्कूल से लेकर कॉलेज तक कहीं नहीं मिलती है। 1991 के बाद उदारीकरण के साथ शिक्षा का भी दुर्गतिकरण प्रारंभ हुआ, देश के इतिहास का पाठ्यक्रम ऐसा बना कि अपने अतीत के प्रति गौरव का भाव ही खत्म हो गया। इसलिए नई पीढ़ी अगर महापुरूषों के प्रति कोई टिप्पणी करती है तो वह अज्ञानता है और इस अज्ञानता लाभ व्हाट्सएप विश्वविद्यालय के एजेंडेबाज प्रोफ़ेसर उठा रहे हैं। एक तथ्य में भ्रम का जाल बुनकर ऐसे परोसा जाता है मानों कोई महापुरूष खलनायक हो। दस प्रतिशत सच के साथ नब्बे प्रतिशत झूठ का मिक्सचर तैयार किया जा रहा है। क्या ऐसी स्थिति निर्मित हो इसकी शुरूआत शिक्षा पाठ्यक्रम में छेड़छाड़ से की गई?

स्वाधीनता संग्राम के दौरान भी जब भारत में 1925 में साम्यवादी दल की औपचारिक घोषणा हुई थी तब रूस में हुए कम्यूनिस्ट इंटरनेशनल में यह निर्णय लिया गया था कि असहयोग आन्दोलन की असफलता के कारण गांधी के प्रति जो नाराजगी है, उसका लाभ कम्यूनिस्ट पार्टी को उठाना चाहिए। इसके लिए कांग्रेस में घुसपैठ कर धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी पर कब्जा करने की साज़िश रची गई थी, लेकिन कम्यूनिस्ट तब सफल नहीं हुए। देश की जनता की सोच गांधी की सोच है, यही भारतीय समाज का मौलिक चिंतन है सो कम्यूनिस्ट पार्टियों को अपने मंसूबों पर सफल होना है तो जरूरी है कि महात्मा गाँधी के विचार को मारा जाए। यही कोशिश 1970 के बाद शुरू हुई। देश को आज़ादी क्रांतिकारियों ने दिलाई, महात्मा गांधी ने नहीं जैसे विचार युवाओं के बीच प्रचारित किए गए। एक धड़ा दलितों को गांधी के विरूद्ध उकसाया और डॉ अम्बेडकर के विरोधी के रूप में प्रचारित किया गया। सुभाष चंद्र बोस को गांधी विरोधी बताने के प्रयास हुए, कई पुस्तकें लिखी गई जिसमें हाल में अरुंधती रॉय की पुस्तक 'एक था डॉक्टर, एक था संत' इस बात को पुष्ट करती है। वर्ष 2014 में जब से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी है, तब से राष्ट्रवादी नेताओं पर हमले किए जा रहे हैं, मुख्य रूप से विनायक दामोदर सावरकर पर। कभी उन्हें भारत के विभाजन का दोषी बताया जा रहा है तो कभी कायर, अंग्रेजों से माफी मांगने वाला, अंग्रेजपरस्त, पेंशन लेने वाला जैसी उपमाएं दी जा रही हैं। वो लोग सावरकर की वीरता का उपहास कर रहे हैं जिनका देश को स्वतंत्र कराने और निर्माण करने में रत्ती भर का योगदान नहीं है। विनायक सावरकर का देश के क्रांतिकारी आंदोलन में योगदान है और उनको जो काला पानी की सज़ा मिली वह इतनी कठोर थी कि लिखित संस्मरण पढ़ सुन कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। सावरकर को वीर कहकर महात्मा गांधी ने संबोधित किया था।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से मिल सकते हैं अनेक फायदे



मेडिटेशन यानी ध्यान लगाना एक अद्भुत अभ्यास है, जो तनाव और चिंता से मुक्त जीवन जीने में मदद कर सकता है। यह आपको अंदर से बाहर तक तरोताजा महसूस करने में भी मदद करता है।हालांकि, क्या आप जानते हैं कि अगर मेडिटेशन का अभ्यास संगीत सुनते हुए किया जाए तो इससे आपको कई तरह के स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं।इसके लिए संगीत हल्का और मधुर होना चाहिए। तेज आवाज में और भड़कीला संगीत सुनने से बचें।

**तनाव को दूर करने में है सहायक**

मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने का सबसे बड़ा लाभ यही है कि इससे तनाव और चिंता के स्तर में कमी आती है।तनाव दुनिया की सबसे आम मानसिक समस्याओं में से एक है। अगर काम का बोझ बहुत अधिक है तो खुद को अक्सर तनावग्रस्त महसूस करना बहुत स्वाभाविक है।हालांकि, जब आप मेडिटेशन के दौरान सुखद और मधुर संगीत सुनेंगे तो आप शांत महसूस करेंगे और धीरे-धीरे तनाव भी दूर होने लगेगा।

**भावनाओं का संतुलन रखे बरकरार**

भावनात्मक संतुलन बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है।इसका कारण यह है कि आपको पता नहीं होता कि कब और कौन-सी परेशानी आपके सामने आ खड़ी हो जाए।ऐसे में एक संतुलित दिमाग बदलती परिस्थितियों से नहीं डरता, बल्कि उनका डटकर सामना करता है।मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने से आपको अपनी भावनाओं को संतुलित करने में मदद मिल सकती है। कई अध्ययनों के मुताबिक, जो लोग संगीत सुनते हुए मेडिटेशन करते हैं, वे भावनाओं से निपटने में बेहतर होते हैं।

**एकाग्रता क्षमता को बढ़ाने में करता है मदद**

अगर आप रोजाना कुछ मिनट मेडिटेशन करते समय संगीत सुनते हैं तो इससे आपका ध्यान नहीं भटकेगा और एकाग्रता क्षमता में भी इजाफा होगा। इस तरह से अगर आप कॉलेज या स्कूल के छात्र हैं तो आप बेहतर पढ़ाई कर पाएंगे और अगर कार्यस्थल पर आपका जीवन व्यस्त है तो आप नई और कठिन परियोजनाओं पर बेहतर ध्यान केंद्रित कर पाएंगे।इससे आपको हर तरह की परेशानी को सूझबूझ के साथ सुलझाने में भी मदद मिलेगी।



**नींद की गुणवत्ता में करें सुधार**

स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए नींद बहुत जरूरी है।पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण नींद आपको जीवन में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में भी सक्षम बनाती है।अगर आपको नींद लेने में दिक्कत होती है तो रोजाना कुछ मिनट संगीत सुनते हुए मेडिटेशन करें।इससे आप अधिक शांत व्यक्ति बन जाएंगे और बेहतर नींद लेंगे। रात की अच्छी नींद यह सुनिश्चित करेगी कि आप पूरी तरह से स्वस्थ भी हैं।

**शरीर को ठीक करने में है प्रभावी**

मेडिटेशन से न केवल मानसिक घाव ठीक होते हैं, बल्कि शारीरिक घाव भी ठीक होते हैं।यह शरीर की कई बीमारियों को प्राकृतिक रूप से ठीक करने में मदद कर सकता है।ऐसे कई अध्ययन हैं, जो सर्जरी के बाद मेडिटेशन करते समय संगीत सुनने वालों के बीच बहुत सारे लाभ दिखाते हैं।अगर आप ऐसा कर सकें तो यकीनन इससे आपको कई लाभ मिलेंगे। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -010

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा–जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने–पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 09 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

# आजादी का सच्चा अर्थ अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करे: डीएम

संवाददाता

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कहा कि आजादी का सच्चा अर्थ यही है कि हम अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए राज्य एवं देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।



आज यहां 77 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम के उपरान्त जिलाधिकारी ने रेंजर्स ग्राउण्ड में वृक्षारोपण किया। वहीं जनपद के समस्त क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्वतंत्रता दिस के अवसर पर प्रात: 07 से ही शहर, गली, गांव आदि रास्तों पर स्कूली बच्चों के भारत माता की जयकार के नारे की ध्वनि के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। साथ ही समस्त सरकारी गैर सरकारी कार्यालय शिक्षण संस्थान आदि अन्य अधिष्ठान में नियत समय प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण किया गया। साथ ही निधारित कार्यक्रम के तहत् वृक्षारोपण भी किया गया। जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण किया तथा उपस्थित सभा को सम्बोधित करते सभी देशवाशियों, राज्य एवं जनपदवासियों सहित समस्त अधिकारियों/कार्मिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश की उन्नति के लिए प्रत्येक व्यक्ति के कार्यों का अहम योगदान है चाहे वह किसी भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हों।

कहा कि आजादी का सच्चा अर्थ यही है कि हम अपने दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए राज्य एवं देश की प्रगति में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस अवससर पर उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, विशेष भूअध्यापति अधिकारी के.एस नेगी, मुख्य वैयक्तिक सहायक वीरेन्द्र सिंह, मुख्य कोषाधिकारी रोमिल चौधरी सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, टीकाराम डबराल, राजेन्द्र रावत, सुशील बडोनी, रामेश भट्ट, जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारी, कार्मिकों सहित कलेक्ट्रेट परिसर स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कार्मिकों सहित जिला सूचना कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे। जनपद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दलिप सिंह कुंवर द्वारा अपने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान से विकासभवन तथा कार्यालयाध्यक्षों ने अपने-अपने कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। जनपद में जनवासियों द्वारा अपने घरों में तिरंगा लगाकर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के साथ जुड़कर स्वतंत्रता दिवस मनाया।

# नौकरी के नाम पर एक लाख की ठगी, पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। नौकरी का झांसा देकर एक लाख रूपये की ठगी करने के मामले में पुलिस ने पति पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तपोवन लाडपुर निवासी शुभम राणा ने बसंत विहार थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह लोन इत्यादि का कार्य करता है, उसकी मुलाकात नीरज धामा पुत्र रमेश निवासी अम्बीवाला, प्रेमनगर देहरादून से हुई उसके पश्चात नीरज धामा और उसके बीच विश्वसनीय मित्रता होने लगी जिसके बाद नीरज धामा ने उसको बताया कि. उसकी पत्नी आयुषी लोदी डी.टी.डी.सी. कोरियर कम्पनी मे मैनेजर के पद पर कार्यरत है। जिसमें उक्त कम्पनी में नौकरियां निकलती रहती है। जिसके बाद आयुषी लोदी ने उसको क्लर्क की नौकरी के लिए कहा और उससे एक लाख रूपये नगद लिये और एक चैक उसको दिया। काफी दिनों तक वह आयुषी से नौकरी के बारे में पूछता तो वह टालती रहती थी। जिसके बाद उसने उसके द्वारा दिया गया चैक अपने खाते में लगाया तो पता चला कि जिस खाते का वह चैक है वह तो बंद हो गया। जिसके बाद उसको पता चला कि नीरज धामा व उसकी पत्नी आयुषी ने उसके साथ नौकरी लगाने का झांसा देकर धोखाधडी की है।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर किया ध्वजारोहण

कार्यालय संवाददाता

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैम्प कार्यालय एवं कलक्ट्रेट परिसर रोशनाबाद में ध्वजारोहण किया।



जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने इस अवसर पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह में सभी अमर शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को नमन करते हुये कहा कि इन्हीं के बलिदान स्वरूप पूरा देश एक हुआ तथा जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर सम्पूर्ण देश में आजादी की एक अलख जगाने का काम किया, जिसके फलस्वरूप 15 अगस्त,1947 को हमारा देश आजाद हुआ। राज्य के निर्माण में जिन्होंने योगदान दिया, उन्हें भी उन्होंने इस अवसर पर नमन् किया। उन्होंने कहा कि मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रमों के तहत भी हम वीर शहीदों आदि को नमन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आजादी के 76 वर्षों में देश ने काफी प्रगति की है। राज्य का उल्लेख करते हुये उन्होंने कहा कि जिस उद्देश्य से यह राज्य बना है, उसके लिये बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें आज के दिन यह प्रण लेना है कि हम जिस पद पर भी बैंठे हैं, अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, पारदर्शिता तथा बिना भेदभाव के करें, ताकि अन्तिम छोर पर जो व्यक्ति खड़ा है, वह भी विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सके।

जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रकृति के संरक्षणार्थ कलक्ट्रेट प्रांगण एवं शिक्षा विभाग के परिसर में लगभग 100 से अधिक फलदार, फूलदार तथा शोभा वाले पौंधों का रोपण किया, जिनकी सुरक्षा के लिये एकम्स द्वारा सीएसआर मद से ट्री गार्ड उपलब्ध कराये गये हैं।

समारोह में आनन्दमयी सेवा सदन की छात्राओं ने राष्ट्रीय भावनाओं से ओतप्रोत गीत-वन्देमातरम्, तिरंगा झूम-झूम लहराये, ऐ मेरे वतन के लोगों. ...देश हमें देता है सब कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें.... आदि प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसकी जिलाधिकारी ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस मौके पर आनन्दमयी सेवा सदन की शिक्षिकाओं व छात्राओं को जिलाधिकारी ने उत्साहवर्द्धन हेतु सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर पीडी के0एन0 तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी विजय देवराड़ी, जिलाधिकारी के वरिष्ठ वैयक्तिक अधिकारी सुदेश कुमार, रामेन्द्र, सहायक कोषाधिकारी पंकज गुप्ता, नवल किशोर, नारायण शरण तिवारी, जे0पी0 शुक्ला तथा कलक्ट्रेट के समस्त कार्मिक उपस्थित थे।

# बीएस नेगी महिला पॉलीटैक्निक ओएनजीसी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता

देहरादून। बीएस नेगी महिला पॉलीटैक्निक ओएनजीसी में धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।



आज यहां बीएस नेगी महिला पॉलीटैक्निक ओएनजीसी कैम्पस में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य श्रीमती नमिता मंमगाई द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय झंडे को सलामी दी गयी तथा साथ ही सामूहिक राष्ट्रीय गान गाया गया एवं छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ चढकर हिस्सा लिया। अपने सम्बोधन भाषण में बोलते हुए प्रधानाचार्य श्रीमती नमिता ममंगाई ने कहा कि हमें हिन्दुस्तानी होने पर गर्व होना चाहिए एवं अपने राष्ट्रीय ध्वज को सर्वोपरि रखना चाहिए। कौशल के माध्यम से आज हमारा देश विश्वगुरू बनने की ओर अग्रसर है। छात्राओं द्वारा 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम में भाग लेते हुए सेल्फी ली गयी तथा इसे संस्थान की वेबसाइड पर अपलोड किया गया।

ओएनजीसी द्वारा आयोजित परेड एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संस्थान की छात्राओं ने भाग लेते हुए शानदार परेड का प्रदर्शन किया गया तथा बेस्ट परेड की ट्राफी जीती। आजादी के अमृत महोत्सव में भाग लेते हुए संस्थान में 'हर घर ध्यान' का भी आयोजन किया जा रहा है। डा. आभा ममंगाई द्वारा 16 अगस्त को वर्कशाप करायी जाएगी जिसमें सभी लाभान्वित होंगे। एनआईडीटी की छात्राओं ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। गवर्निंग बॉडी के सदस्य विजय जुयाल व संस्थान के सभी कर्मचारी व समस्त छात्रायें इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# श्री गुरुनानक दून वैल स्कूल ने उत्साह पूर्वक मनाया स्वतंत्रता दिवस

संवाददाता

देहरादून। श्री गुरुनानक दून वैल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की 77वीं वर्षगांठ उत्साह पूर्वक ध्वजारोहण के पश्चात देश भक्ति के गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आज यहां श्री गुरुनानक दून वैल स्कूल, रेसकोर्स ने स्वतन्त्रता दिवस की 77 वीं वर्षगांठ उत्साह पूर्वक देश भक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं ध्वजारोहण कर मनाई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि पार्षद देविंदर पाल सिंह मोंटी ने ध्वजारोहण किया एवं बच्चों द्वारा राष्ट्रीयगान गायन किया गया। मुख्यातिथि ने अपने भाषण में कहा कि हमें उन वीर सपूतों की कुर्बानी को हमेशा याद रखना चाहिए जिन्होंने भारत देश को आजाद करवाया है। कार्यक्रम की आरम्भता बच्चों द्वारा गायन शब्द 'देह शिवा वर मोहे इहे शुभ करमन ते कबहुँ न टरू' देश भक्ति गीत 'हम सब भारतीय है' एवं इंग्लिश सोंग 'जी एन दून वैल' का गायन किया। गढ़वाली गीत, नन्हा मुन्ना गीत एवं देश भक्ति गीत 'कंधों से कंधे मिलते हैं' पर नृत्य कर श्रोताओं की तालियां बटोरी।



इस अवसर पर अध्यक्ष बलबीर सिंह साहनी, नरेंदर सिंह तनेजा, कुलदीप सिंह, रणबीर सिंह, अमरजीत सिंह नोटी, प्रबंधक जगमीत सिंह, गगनदीप कौर, जतिन्दर कौर, स्वाति, आई पी कौर, गुरविंदर सिंह, बेबी किरत कौर आदि उपस्थित थे। प्रधानाचार्या श्रीमति हरविंदर कौर ने अतिथियों का धन्यवाद किया जिन्होंने कि अपना बहुमूल्य समय निकाल कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## एक नजर

# देहरादून से उत्तरकाशी जा रही बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, यात्री बाल-बाल बचे

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी दून से उत्तरकाशी जा रही उत्तराखंड परिवहन निगम की बस मौरियाणा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में सवार यात्रियों को मामुली चोंटे आयी है। जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया गया है। घटना देहरादून उत्तरकाशी हाइवे की है। मिली जानकारी के अनुसार उत्तराखंड परिवहन की बस सुबह साढ़े पाँच बजे देहरादून से उत्तरकाशी के लिए चली थी। बताया जा रहा है कि जब यह रोडवेज बस लगभग सुबह सात बजे मौरियाणा के पास पहुँची तो अचानक



बस अनियंत्रित हो गयी और रोड से उतरते हुए बस पेड़ो से टकरा कर खाई मे गिरने से बच गयी। बस मे 20 यात्री सवार थे जिन्हे हल्की फुल्की चोटे आयी है। सूचना पाकर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुँची और सभी यात्रियो को बस से बाहर सुरक्षित निकाला गया।

# दरोगा के साथ मारपीट करने वाली महिला गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। जांच में बाधा डालकर महिला दरोगा के नाम से पैसे लेने व उसका विरोध करने पर दरोगा के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डालनवाला पर पूर्व में दर्ज बलात्कार व पोक्सो एक्ट में विधि विवादित किशोर को नामजद किया गया था, जिसकी जांच दरोगा सरिता बिष्ट द्वारा सम्पादित की जा रही है। 11 अगस्त 2023 को विवेचक द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित विधि विवादित किशोर को इन्दर रोड पुल से अपने संरक्षण में लिया था, उस दिन से ही एक



महिला फूलकुमारी उक्त केस की पैरवी के लिए लगातार थाने/चौकी के चक्कर काट रही थी। 12 अगस्त 23 को विधि विवादित किशोर का रिमाण्ड लेने हेतु जांच अधिकारी उपनिरीक्षक सरिता बिष्ट किशोर न्याय बोर्ड में पहुंची, जहां विधि विवादित किशोर के मौसा रमेश पंडित ने विवेचक को बताया था कि उक्त महिला फूलकुमारी ने उसके नाम से उससे रुपये लिये गये हैं। 14 अगस्त 2023 को चौकी आराघर पर उक्त महिला फूलकुमारी फिर विधि विवादित किशोर की पैरवी के लिए आयी व उसे छुड़वाने को कह रही थी और लालच दे रही थी कि वह मैनेज कर लेंगी, बस आप मदद करो। जिस पर विवेचक द्वारा उससे पूछा गया कि उसने झूठ बोलकर उसके नाम पर पहले भी पैसे लिये हैं, जोकि गलत है इससे मित्र पुलिस की छवि धूमिल होती है, जिस पर उक्त महिला फूलकुमारी उग्र होकर जांच अधिकारी पर हाथापाई करने लग गयी, जिस पर चौकी पर मौजूद पुलिसकर्मियों द्वारा उसे रोकने का प्रयास किया तो इसके द्वारा जांच अधिकारी महिला दरोगा के साथ अपशब्द व धमकी दी गयी। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बरसाती नाले में बही बालिका का शव बरामद

## ❑परिवार के अन्य सदस्यों की तलाश जारी

हमारे संवाददाता

पौड़ी। बरसाती नाले में बहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों में से एक 14 वर्षीय बालिका का शव पुलिस व एसडीआरएफ टीमों द्वारा आज बरामद कर लिया है। मामले में लापता हुए अन्य सदस्यों की तलाश में रेस्क्यूअ अभियान जारी है।

बीते रोज हो रही भारी बरसात के बीच कल थाना लक्ष्मणझूला को सूचना मिली कि बैराज लक्ष्मणझूला मोटर मार्ग पर वन विभाग गेस्ट हाउस के पास बरसाती नाले में एक महिला व उसके बच्चे बह गये है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए थाना लक्ष्मणझूला पुलिस व एसडीआरएफ की टीमों द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



पौड़ी, श्वेता चौबे के निर्देशन में कल से लगातार रेस्क्यू कार्य किया जा रहा है। रेस्क्यू कार्य के दौरान आज टीमों द्वारा एक बालिका तेजस्विनी उर्फ गौरी (उम्र-14 वर्ष) पुत्री गोपाल शर्मा निवासी रानी मन्दिर लक्ष्मणझूला के शव को बरामद कर एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। पुलिस, एसडीआरएफ, जल पुलिस, वन विभाग की टीम व स्थानीय नागरिकों द्वारा रेस्क्यू का कार्य करते हुये अन्य की खोज आज भी लगातार जारी है।

# 7 माह के मासूम का अपहरण करने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। 7 माह के मासूम का अपहरण किये जाने का मात्र 24 घंटो में ही खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला सहित दो अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लिया है। अपहरणकर्ता पति-पत्नी है जिन्होने एक भीख मांगने वाली महिला को धोखा देकर उसके बच्चे का हर की पैड़ी क्षेत्र से अपहरण कर लिया था।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि कल मंजू पत्नी टुनटुन निवासी चण्डीघाट कोतवाली नगर अपने बच्चे शिवा उम्र 7 माह के साथ मथुरा पुडी वाले के पास भीख मांगने के लिये बैठी थी। बताया कि इस दौरान एक अज्ञात महिला द्वारा प्लान बना कर पीड़िता मंजू को लालच देकर आटा लेने भेजा गया। इस दौरान जैसे ही पीड़िता आटा लेने गई उक्त महिला वहां से उसका बच्चा लेकर फरार हो गई।

मामले में पुलिस ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कर बच्चे व अपहरणकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी गयी। घटना की गम्भीरता को देखते हुये एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा बच्चे की सकुशल बरामदगी के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीमों द्वारा सैकड़ों सीसीटीवी फुटेज चेक कर आज अपहरण हुए बच्चे शिवा को आनंद विहार आईएसबीटी बस अड्डे दिल्ली से सकुशल बरामद कर अपहरणकर्ता एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम तमन्ना खातून (23) पत्नि राजेन्द्र कुमार राठौर व राजेन्द्र कुमार राठौर पुत्र सियाराम निवासी अहिरन टोला थाना बेनीगंज जिला हरदोई उ.प्र. बताया। अपहरणकर्ता पति पत्नी है जिन्हे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर ट्रक चालक की मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। लालकुंआ क्षेत्रांर्तगत वीआईपी गेट के समीप ट्रक से उतर रहे चालक को पीछे से अचानक आए अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को उपचार के लिए हल्द्वानी ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 8 बजे कृष्णा दास(30) पुत्र नदन लाल दास निवासी पश्चिमी राजीव नगर बोरिंग पट्टी कोतवाली क्षेत्र वीआईपी गेट के निकट अपने ट्रक से नीचे उतर रहा था। बताया जा रहा है कि इस दौरान लालकुआं की ओर से आए अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे पूर्व चेयरमैन पवन चौहान ने घायल ट्रक चालक को 108 की मदद से हल्द्वानी अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव पंचनामा भर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है फिलहाल पुलिस की कार्रवाई जारी है। वही ट्रक चालक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# दुपहिया चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से दुपहिया वाहन चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहिनी रोड निवासी सुशील मेहता ने राजपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह साई मन्दिर गया था तथा उसने अपनी मोटरसाईकिल मन्दिर के बाहर खडी की थी। लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने दोनों मुकदमें दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सीमाओं पर बलिदान देने वालों को राष्ट्र हमेशा याद करता रहेगाःरावत



संवाददाता

देहरादून। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए जिन सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनकी कुर्बानी के लिए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें सदैव याद करता रहेगा।

आज यहां स्वतंत्रता दिवस के शुभअवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय, देहरादून में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने ध्वजारोहण कर समस्त देश व राज्यवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान गाते हुए ध्वज को सलामी दी तथा मिष्ठान वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने आजादी के उन वीर शहीदों को शत-शत् नमन किया जिनकी कुर्बानियों की बदौलत हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमें आजादी के मूल्य को समझना है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान रहा है और जिन आदर्शों और सपनों के लिए स्वतंत्रा सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति दी तथा देश की सीमाओं की रक्षा के लिए जिन सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया उनकी कुर्बानी के लिए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें सदैव याद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्तराखण्ड राज्य की प्राप्ति के लिए जिन आन्दोलनकारियों ने अपने प्राण न्यौछावर किये हैं उन्हें भी हम नमन करते हैं। इस असवर पर प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी, विजय सारस्वत, अमरजीत सिंह, नवीन जोशी, शीशपाल सिंह बिष्ट डा. जसविन्दर सिंह गोगी,, महन्त विनय सारस्वत, हेमा पुरोहित, प्रभुलाल बहुगुणा, कैं. बलबीर सिंह रावत, सुनीता प्रकाश, पूरण सिंह रावत, राजेश चमोली, लाल चन्द शर्मा संग्राम सिह पुण्डीर, शैलेन्द्र शेखर करगेती, रेणु रूहेला सैकडों कार्यकर्ता शामिल थे।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकारः**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*